PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Navbharat Times, Delhi
Mon, 14 Aug 2017, Page 12
Width: 8.23 cms, Height: 21.39 cms, a4, Ref: 31.2017-08-14.43

आजादी स्पेशल : ताज पैलेस में परोसा जाएगा सन 47 का मेन्यू

भाषा, नई दिल्ली : देश के 70वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ताज पैलेस होटल चेन के कुछ होटलों में 14 अगस्त की रात परोसे जाने वाले भोजन के लिए वही मेन्यू रखा गया है, जो सन् 1947 में 14 अगस्त की रात परोसा गया था। ताज पैलेस दिल्ली के कार्यकारी शेफ राजेश वाधवा ने बताया कि मुंबई के ताज महल पैलेस के अभिलेखों को खंगाल कर स्वतंत्रता दिवस की रात का मेन्यू निकाला गया है।

शहर के होटल ने आजादी के समय इस्तेमाल किए गए तरीकों और व्यंजन में डाली गई चीजों को ध्यान में रखा है। इस मेन्यू का मूल्य 1947 रुपये रखा गया है। वाधवा ने बताया, 'हमने न सिर्फ व्यंजन के नाम में भारतीय - फ्रेंच नाम और स्वाद बनाए रखा है बल्कि मुख्य फ्रेंच चटनी में भी इसे कायम रखा है।' ताज भारतीय सशस्त्र बलों के सभी सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों को देश में स्थित अपने होटलों में 70 प्रतिशत की स्पेशल डिस्काउंट दे रहा है।